मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 2

# BEV–002

## अपशिष्ट प्रबंधन में प्रमाण-पत्र

## (सी.एस.डब्ल्यू.एम.)

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2026

## बी.ई.वी.-002 : नगरपालिका, कृषि, औद्योगिक व परिसंकटमय अपशिष्ट प्रबंधन

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

***नोट :*** *(i) किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

*(ii) सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

---

1. नगरीय अपशिष्ट किसे कहते हैं ? इसके निरंतर बढ़ने के क्या कारण हैं ? 10+10

2. बायोगैस उत्पादन की विधि को विस्तारपूर्वक समझाइए। इसके प्रमुख घटक कौन-कौन से हैं ? 10+10

3. औद्योगिक अपशिष्ट का रंग व गंध अपशिष्ट की किन विशेषताओं की ओर इंगित करता है ? विस्तार पूर्वक वर्णन कीजिए। 20

4. खतरनाक अपशिष्ट के उपचार में नवीनतम तकनीकी व प्रौद्योगिकी किस प्रकार उपयोगी है ? उदाहरण सहित समझाइए। 20

5. कृषि अपशिष्ट को परिभाषित कीजिए। कृषि क्षेत्र में निकलने वाले अपशिष्ट का वर्गीकरण कीजिए। 5+15

6. घरेलू खतरनाक अपशिष्ट का निपटान किस प्रकार किया जाना चाहिए ? निपटान के दौरान किन सावधानियों का ध्यान रखना चाहिए ? 10+10

7. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : 10+10

   (क) खतरनाक अपशिष्ट के तीव्र और जीर्ण प्रभाव

   (ख) खतरनाक अपशिष्ट की प्रतिक्रियाशीलता

8. औद्योगिक अपशिष्ट में पाए जाने वाले कार्बनिक व अकार्बनिक रसायनों का उल्लेख उदाहरण सहित कीजिए।

   10+10

× × × × ×